प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 23.01.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम स्वनिधि क्रेडिट कार्ड सेवा का किया शुभारंभ : कहा– रेहड़ी पटरी वालों के लिए कल्याणकारी साबित होगा यह कदम।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल लखनऊ में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस समारोह का करेंगे संबोधित : देश के 20 राज्यों समेत कई अन्य देशों में भी मनाया जाएगा उत्सव।
3. बसंत पंचमी के अवसर पर राज्य के सभी प्रमुख मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़ : प्रयागराज के माघ मेले में 3 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी।

और

4. राज्य के पश्चिमी ज़िलों में आज सुबह से तेज़ हवाओं के साथ रुक–रुक कर बारिश का सिलसिला जारी : मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में वर्षा का जताया अनुमान।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पीएम स्वनिधि क्रेडिट कार्ड समेत कई अन्य विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने एक लाख लाभार्थियों को पीएम स्वनिधि ऋण का वितरण भी किया। कार्यक्रम को

संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना से रेहड़ी–पटरी वालों की स्थिति में बदलाव आया है और सरकार ने इस क्रेडिट कार्ड के ज़रिए उनके कल्याण की दिशा में एक कदम और बढ़ाया है। बाइट.....

*केंद्र सरकार ने पहली बार स्ट्रीट वेंडर्स के लिए पीएम स्वनिधि स्कीम बनाई। इस स्कीम के बाद देश भर में लाखों साथियों को बैंकों से बहुत मदद मिली है। पहले सिर्फ अमीरों के पास ही क्रेडिट कार्ड होता था। अब स्ट्रीट वेंडर्स के पास भी स्वनिधि क्रेडिट कार्ड है।*

————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली से 18वें रोजगार मेले का शुभारंभ करेंगे। इस मेले का आयोजन देश भर के 45 ज़िलों में किया जाएगा। इस दौरान 61 हज़ार से अधिक नवनियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह उपस्थित रहेंगे, जबकि प्रयागराज में केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल शामिल होंगी।

————————

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर प्रदेश भर में आज विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में नेताजी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री ने उन्हें स्वतंत्रता आंदोलन का महानायक बताया और आजादी की लड़ाई में उनके अमूल्य योगदान के लिए कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि

नेताजी सुभाष चंद्र बोस का देश के प्रति अमूल्य योगदान आज भी हम सबको प्रेरणा प्रदान करता है। बाइट......

*भारत का स्वाधीनता आंदोलन यह कालखंड है जब गांधी जी के नेतृत्व में पूरा देश इस आंदोलन को एक नई दिशा देने की ओर अग्रसर था। उन स्थितियों में भारत के क्रांतिकारियों के सिरमौर के रूप में नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने इस आजादी की लड़ाई को एक नई दिशा दी। उनका विराट व्यक्तित्व हर भारतीय को प्रभावित करता था। भारत के अंदर हो या भारत के बाहर उन्होंने भारत की आजादी के लिए जो योगदान किया। उनका एक–एक शब्द अपने आप में आजादी के आंदोलन का मंत्र बन गया।*

————————

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर प्रदेश भर में आज ब्लैक आउट मॉकड्रिल की गई। इसके तहत शाम 6 बजे सभी जिलों में बिजली काटने के साथ ही चेतावनी वाले सायरन बजाए गए। यह मॉकड्रिल हवाई हमले से बचाव और आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने के लिए की गई। लखनऊ में आयोजित इस मॉकड्रिल के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे।

————————

प्रदेश भर में कल, उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय कार्यक्रमों की शुरूआत होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लखनऊ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस आयोजन को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पेश है एक रिपोर्ट.......

*राजधानी लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर होने वाले मुख्य आयोजन में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सरदार पटेल औद्योगिक क्षेत्र योजना और एक जिला एक व्यंजन योजना का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में सीएम युवा योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों को सम्मानित भी किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे ।ऐसे में सुरक्षा की दृष्टि से कार्यक्रम स्थल और आसपास के संवेदनशील इलाकों को 6 सुपर जोन, 9 जोन और 27 सेक्टर में विभाजित किया गया है। कार्यक्रम को सकुशलसम्पन्न कराने के लिए 3 हज़ार से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। मुमताज़ अली, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

यूपी दिवस के अवसर पर देश के 20 राज्यों और फिजि, त्रिनिदाद और टोबैगो, सूरीनाम, समेत कई अन्य देशों में भी कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन आयोजनों में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट काम करने वालों को सम्मानित भी किया जाएगा।

———————————

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज लखनऊ से, नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाले गणतन्त्र दिवस समारोह में आमंत्रित 14 लखपति दीदियों को रवाना किया। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी ये लखपति दीदियां परेड देखने के साथ ही केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिव राज सिंह चौहान से भेंट करेंगी। 27 जनवरी को इन्हें दिल्ली भ्रमण भी कराया जाएगा। इन दीदियों में शामिल इटावा की महिला किसान मंत्रवती शाक्य ने दिल्ली आमंत्रित किए जाने पर प्रधानमंत्री का आभार जताया। बाइट......

*मैं प्रधानमंत्री जी को तो बहुत–बहुत धन्यवाद कहूंगी। उन्होंने मुझे बुलाया है, यह अवसर दिया है मुझे वहां तक आने का ना हम महिलाएं कहां घर चौका चूल्हा बस यहीं तक सीमित थी। इसके लिए बहुत–बहुत धन्यवाद प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी को।*

————————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश भर में 25 जनवरी को 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम माय इंडिया–माय वोट निर्धारित की गई है, जिसके तहत स्कूलों, शैक्षणिक संस्थानों और शासकीय कार्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पेश है एक रिपोर्ट......

*प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी पत्र के अनुसार, स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में वाद–विवाद, परिचर्चा, निबंध, चित्रकला जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराई गई हिन्दी एवं अंग्रेजी में राष्ट्रीय मतदाता शपथ विद्यार्थियों को दिलाई जाएगी। वहीं राज्य के समस्त शासकीय कार्यालयों में*

*कार्यरत अधिकारी और कर्मचारियों को 25 जनवरी को सुबह 11 बजे राष्ट्रीय मतदाता शपथ दिलाई जाने के निर्देश भी दिए गए हैं। समाचार कक्ष से सुशील चन्द्र तिवारी।*

———————————

**बसंत पंचमी के अवसर पर प्रदेश के सभी प्रमुख मंदिरों और पवित्र नदियों में भक्तों की भारीभीड़ उमड़ रही है। प्रयागराज स्थित माघ मेले में बसंत पंचमी पर होने वाले प्रमुख स्नान पर्व में करीब 3 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई । पेश है एक रिपोर्ट.....**

*बसंत पंचमी के पवित्र पर्व पर ब्रह्म मुहूर्त से ही माघमेले में संगम के स्नान घाटों पर भक्त आस्था की डुबकी लगा रहे हैं औरदान पुण्य कर रहे हैं। इस महत्वपूर्ण स्नान पर्व को लेकर मेला प्रशासन नेव्यापक इंतजाम किए हैं । मेला क्षेत्र में करीब साढ़े तीन किलोमीटर लंबा स्नान घाटतैयार किया गया है। मेला प्रशासन घाटों की सफाईऔर नदियों में निर्मल जल की उपलब्धता सुनिश्चितकर रहा है। साथ ही श्रद्धालुओं के सुगम यातायात के लिए विशेष ट्रैफिकप्लान लागू किया है। मेला अधिकारी ऋषिराज ने बताया कि भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रहीहै। बाइट....*

*हमारे सभी घाटों पर श्रद्धालुओं के अपार जनसैलाब वहां पर दिखता है और इस सब की मॉनिटरिंग हम लोग एआई द्वारा कर रहे हैं। कंट्रोल रूम पर कैमरा स्थापित है, 400 प्लस कैमरा है। हमारे पूरे मेला क्षेत्र में और लगातार उसकी मॉनिटरिंग चल रही है। रेलवे स्टेशंस की मॉनिटरिंग हो, हमारे बस स्टेशंस की मॉनिटरिंग हो। सभी जगह हमारे अधिकारी, कर्मचारी तैनात है और पल–पल की जो अपडेट है वह हम लोग को दे रहे हैं।*

*स्नान घाटों पर जल पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, फ्लड कंपनीपीएसी और गोताखोर भी तैनात किए गए हैं। प्रवीण मिश्र आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।*

अयोध्या, वाराणसी और हापुड़ सहित विभिन्न शहरों में नदियों के घाटों पर श्रद्धालुओं ने स्नान किया।

———————————

मथुरा के द्वारिकाधीश मंदिर और ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में आज से 40 दिवसीय फाग उत्सव का शुभारंभ हो गया है।

———————————

सहारनपुर, मुज़फ्फरनगर, शामली, नोएडा समेत राज्य के पश्चिमी ज़िलों में आज सुबह से तेज़ हवाओं के साथ रुक रुक कर बारिश का सिलसिला जारी रहा। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों में तापमान में 4 से 6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने और पूर्वी हिस्सों में कहीं–कहीं हल्की वर्षा का अनुमान जताया है।

(समाप्त)